केंद्रीय लोक निर्माण विभाग

कनिष्ट अभियंता/अनुभाग अधिकारी (बा०) के लिए विभागीय परीक्षा

सरल लेखा

दिसंबर- **2017**

**समय : 3 घंटे** **अधिकतम अंक: 100**

नोट 1 सभी प्रश्नों का उत्तर दे.

2 निम्न फार्म परीक्षाथियो को दिए जायेगे.

(अ) चल लेखा बिल फार्म स. 26

(ब) प्रतिभूत अग्रिम फार्म स. 26-A

प्र 1 . निम्न विवरण से मैसर्स रामा कंस्ट्रक्सन क. का एक विद्यालय भवन के निर्माण कार्य के लिये दूसरा चल बिल तैयार करे :- **(अंक 30)**

| स. | कार्यमद | दर (रु) | प्रति | की गई मात्रा | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | पहला चल बिल | अद्यतन |
| 1 | मिट्टी की खुदाई | 180/- | घन मी | 500 घन मी | 2500 घन मी |
| 2 | सीमेंट कंक्रीट | 5478/- | घन मी | 70 घन मी | 60 घन मी |
| 3 | स्टील रिन्फोर्समेंट | 60/- | कि ग्राम | शून्य | 37800 कि ग्राम |
| 4 | डिजाईन मिक्स M-25 ग्रेड कंक्रीट | 7100/- | घन मी | शून्य | 20 घन मी |
| 5 | सीमेंट मसाले में ब्रिक वर्क | 6100/- | घन मी | 10 घन मी | 60 घन मी |

(क) यह प्रतिशत दर निविदा है और ठेकेदार ने 2% नीचे दर डाली है ।

(ख) दोनों चल बिलों में मद स. 5 ब्रिक वर्क में पार्ट रेट रु. 5500 प्रति घन मी. निर्धारित किया गया है ।

(ग) प्रथम चल बिल में 61 मीट्रिक टन स्टील का रु. 30,000 प्रति मीट्रिक टन की दर से प्रतिभूत अग्रिम दिया गया था इसमें 38 मीट्रिक टन स्टील इस बिल में लग चुकी है और नई स्टील नहीं लाई गई है ।

(घ) 93 घन मी. पत्थर का रु. 2000/- प्रति घन मी. की दर से प्रतिभूत अग्रिम दिया गया था कार्यस्थल पर शेष पत्थर शून्य है ।

(ङ) बिल से निम्न बसूली की जानी है ।

1. मापे गए कार्य की राशि के 2.5 प्रतिशत की दर से प्रतिभूत निक्षेप
2. खंड 36 में ग्रेजुएट अभियंता नहीं लगाने के लिए रु. 20,000/- प्रति माह की दर से दो माह के लिए
3. मापे गए कार्य की राशि का 2.0 % की दर से आयकर
4. प्रथम चल बिल में रु. 18,00,000/- का मोबिलाइजेशन एडवांस दिया गया था, जिसमे से मूल रु. 1,00,000 व साधारण ब्याज 10% प्रतिबर्ष की दर से ६२ दिन का वसूल किया जाना है
5. रायल्टी रु. 27000/-

प्र 2. निम्न विवरण से मैसर्स प्रसाद कन्सट्रक्सन के दूसरे चल लेखा बिल के लिए प्रतिभूत अग्रिम अकाउंट तैयार करें और फार्म 26-A में दर्ज करे ।

**(अंक 10)**

(क) प्रथम चल बिल मे 3000 कि. ग्रा. अल्युमिनियम खिड़कियो पर रु 300 प्रति कि. ग्रा. की दर से प्रतिभूत अग्रिम बकाया था । जिसमें से 1000 कि. ग्रा. अल्युमिनियम खिड़किया कार्य मे लग गयी है और 500 कि. ग्रा. अल्युमिनियम खिड़किया कार्य स्थल पर लाई गयी है ।

(ख) ठेकेदार 600 मी. HDPE पाइप 200 मिमी व्यास का रु 2000 प्रति मी. दर से खरीद कर कार्य स्थल पर कार्य के लिए लाया हैं ।

(ग) 262 वर्ग मी ग्रेनाईट पत्थर के रु 1900 प्रति वर्ग मी. के खरीद दर से प्रतिभूत अग्रिम दिया गया था, इस बिल में कोई मात्रा कार्य में उपयोग नहीं हुआ है ।

(घ) ठेकेदार ने 500 मी. टन सीमेंट रू 5500 प्रति मी. टन की दर से खरीदा और पूरी लागत के लिए व्यापक बीमा सुरक्षा कवर प्रस्तुत किया ।



DC-71

प्र 3. किन्ही तीन पर संक्षेप में लिखें।

(अंक 3X5 = 15)

(क) श्रमिकों को मजदूरी के भुगतान के संबंध मे स्थल आधिकारियों व ठेकेदार की जिम्मेदारी
(ख) के.लो.नि.वि.सेवा (CPWDSEWA) मे सेवा केन्द्रों की जिम्मेदारी
(ग) जीइएम (GeM)
(घ) कमप्युटरिकृत माप पुस्तक
(ङ) ई.पी.सी. ठेका

प्र 4. स.अ. / स.अ.अ./ स नि.(बा) और का.इ./ उपनिदेशक (बा) को प्रदत्त वित्त शक्तियाँ क्या है ?

(अंक 5X2 = 10)

(क) समय विस्तार व माइलस्टोन का पुनः अधिसुचिकरण करना
(ख) कार्यादेश देने की वार्षिक सीमा
(ग) करार मदों की मात्राओं मे बिचलन की स्वीकृति
(घ) विस्तृत अनुमानों की तकनीकी स्वीकृति
(ङ) एकल निविदा की स्वीकृति

प्र 5. खंड 10 (सी) 10 (सीए) व 10 (सीसी) के प्रावधानों का वर्णन करे। क्या 10 (सी) व 10 (सीसी) दोनों खंड एक ही समझौते में सम्मलित किये जा सकते है ? निविदा प्राप्त होने के पश्चात सीमेंट और इस्पात की कीमतों में वृद्धि / कमी होने पर खंड 10 (सीए) के अंतर्गत क्षतिपूर्ति के परिकलन का सूत्र लिखें

(अंक 10)

प्र 6. निम्न को स्पस्ट करें:

(अंक 5X2 = 10)

(क) किये गये व मापित कार्य का अग्रिम भुगतान
(ख) किये गये किन्तु मापन शेष कार्य का अग्रिम भुगतान
(ग) दस्ती रसीद
(घ) विशेष मरम्मत
(ङ) स्थाई अग्रदाय

प्र 7. निम्न का मानक फार्म बनाये व उसमे दो प्रविष्टि दर्ज करे.

(अंक 4X2.5 = 10)

(क) सीमेंट रजिस्टर
(ख) अडचन रजिस्टर
(ग) स्थल आदेश पुस्तिका
(घ) निरीक्षण रजिस्टर

प्र 8. बताये की निम्न वाक्य सही है या नहीं :-

(अंक 5)

(क) तकनीकी प्रतिनिधि अन्य कार्य की देख-रेख कर सकता है।
(ख) निष्पादन गारंटी जमा करने के बाद धरोहर राशि निविदाकर्ता को वापिस कर दी जाती है ।
(ग) मोबिलाइजेशन अग्रिम के भुगतान के लिए ठेकेदार को बैंक गारन्टी देनी होती है.
(घ) चल बिल जमा होने के 45 दिनों के भीतर भुगतान न होने की दशा में संविदा की सामान्य शर्तों के खंड 7 के अनुसार प्रति वर्ष 7.5 % की दर से ब्याज़ देय है।
(ङ) निविदा की औचित्य विवरणी निविदा खोलने के उपरांत वनाई जाती है ।

*****



DC-72